# मिसेज़ टॉगल और डायनासोर



रॉबिन पुल्वर
चित्र: आर. डब्लू. एले




# मिसेज़ टॉगल और डायनासोर

रॉबिन पुल्वर
चित्र: आर. डब्लू. एले



जब मिसेज़ टॉगल के बच्चे सुबह स्कूल पहुंचे तो उन्होंने पाया कि उनकी टीचर टेलीफोन पर बात कर रही थीं.

"ठीक है, मिस्टर स्टिकलर," उन्होंने टीचर को यह कहते हुए सुना. “लेकिन काश हमारे पास तैयार होने के लिए और समय होता!" फिर उन्होंने फोन रख दिया.

"हेलो, मिसेज़ टॉगल," बच्चों ने अपनी सबसे अच्छी सुबह की आवाज़ में कहा.

मिसेज़ टॉगल अपनी कुर्सी पर बैठ गईं. उसकी आँखें बहुत बड़ी थीं. फिर उन्होंने एक शब्द कहा: "डायनासोर!"





बच्चे मिसेज़ टॉगल की मेज के पास जमा हो गए. "मिसेज़ टॉगल," पॉल ने कहा. "आपने 'डायनासोर' क्यों कहा?" मिसेज़ टॉगल कांप गई. "हमारे यहाँ एक नया छात्र आने वाला है," टीचर ने कहा, "वो एक डायनासोर है!"



"लेकिन डायनासोर स्कूल नहीं जाते," जॉय ने कहा.

"मैंने स्वयं प्रिंसिपल से सुना है," मिसेज़ टॉगल ने कहा. "मिस्टर, स्टिकलर कभी गलत बात नहीं कहते हैं."

"यह सही है," नीना ने सहमति व्यक्त की. "और वो कभी मजाक भी नहीं करते हैं."

कैरोलिन ने पूछा, "डायनासोर कब आ रहा है?"

"आज!" मिसेज़ टॉगल ने कहा. "ओह, मुझे पता था कि यह खबर सच होने के लिए बहुत अच्छी हैं. हमारी कितनी अच्छी कक्षा है और उसका बिल्कुल सही आकार है. पर अब!"






स्कूल के संरक्षक, मिस्टर हाबिल कक्षा के दरवाजे से अंदर आये. "क्षमा करें, मिसेज़ टॉगल," उन्होंने कहा. "मिस्टर स्टिकलर ने मुझे आपके नए छात्र के लिए एक डेस्क लाने को कहा है."

बच्चे और मिसेज़ टॉगल दरवाजे पर देखने गए. मिसेज़ टॉगल ने सिर हिलाया. "मुझे लगता नहीं है कि यह डेस्क काम करेगी."

"वो पर्याप्त बड़ी नहीं है," जॉय ने कहा.

"क्या मिस्टर स्टिकलर ने आपको नहीं बताया?" नीना ने पूछा.


"नया छात्र एक डायनासोर है!" पॉल ने समझाते हुए कहा.



"मैं देख रहा हूँ," मिस्टर हाबिल ने कहा. "डायनासोर को एक विशेष डेस्क की आवश्यकता होगी. मैं जल्द ही उसे बनवाकर लाऊंगा!"

'धन्यवाद, मिस्टर हाबिल," मिसेज़ टॉगल ने कहा. ''अब मैं सोच रही हूँ कि हमें तैयारी के लिए और क्या करना चाहिए?''

"आप पुस्तकालय क्यों नहीं जातीं?" मिस्टर हाबिल ने सुझाव दिया. "वहां आप डायनासोर के बारे में बहुत कुछ पढ़ सकती हैं. किताबों में चीजों को देखने से हमेशा मदद मिलती है."



फिर मिसेज़ टॉगल और उनके बच्चे पुस्तकालय में गए. लाइब्रेरियन मिस्टर पेज ने उनका अभिनंदन किया. "मिसेज़ टॉगल!" उन्होंने कहा. "यह आपकी कक्षा का पुस्तकालय पीरियड नहीं है, है ना?"

"आप बिल्कुल सही कह रहे हैं, मिस्टर पेज," मिसेज टॉगल ने कहा. "लेकिन हमारे सामने एक आपात स्थिति है," फिर उन्होंने मिस्टर पेज को अपने नए छात्र, डायनासोर के बारे में बताया.



"यह तो बहुत ही अच्छी बात है!" मिस्टर पेज ने कहा. "सीखने को प्रोत्साहित करने के लिए एक वास्तविक घटना जैसा कुछ नहीं होता है." फिर उन्होंने मिसेज टॉगल और बच्चों को, डायनासोर की किताबों वाला शेल्फ दिखाया. "आपको यहां वो सब कुछ मिल सकता है जो आप जानना चाहते हैं."


मिसेज़ टॉगल संदिग्ध लग रही थीं. "क्या डायनासोर को पढ़ाने के तरीके के बारे में भी यहाँ कोई किताब है?" उन्होंने पूछा.

"शायद आपको वैसी किताब खुद लिखनी पड़ेगी," मिस्टर पेज ने कहा.





मिसेज़ टॉगल और बच्चे अपनी डायनासोर पुस्तकों के साथ एक मेज पर बैठ गए.



"डायनासोर पैंसठ मिलियन साल पहले मर गए थे," कैरोलिन ने जोर से पढ़ा.

मिसेज़ टॉगल ने सिर हिलाया. "बस इस एक को छोड़कर," कैरोलिन ने कहा, "कुछ डायनासोर अन्य डायनासोर के साथ समूहों में रहना पसंद करते थे."

नीना बोली. "तब हमारा डायनासोर अकेला महसूस कर सकता है. हमें उसके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए और उसे बेसबॉल टीम के लिए नहीं चुनना चाहिए."

"हाँ," पॉल ने सहमत होते हुए कहा. "यह हमारी कक्षा में एकमात्र डायनासोर होगा. देखो, अलग होना किसी के लिए भी मुश्किल हो सकता है."

"अरे!" जॉय ने कहा. "सांप भी सरीसृप होते हैं! डायनासोर का साथ देने के लिए हम अपने कमरे के लिए एक सांप भी ला सकते हैं."

यह सुनकर मिसेज़ टॉगल का चेहरा पीला पड़ गया और उसकी आँखें फिर से बड़ी होने लगीं.



"या कछुआ," नीना ने जल्दी से सुझाव दिया. "मुझे नहीं लगता कि मिसेज़ टॉगल को सांप पसंद आएगा."

"ओह, ज़रूर," जॉय ने मिसेज़ टॉगल की बांह थपथपाते हुए कहा. "फिर हम सांप की बजाय एक कछुआ ला सकते हैं."

मिसेज़ टॉगल मुस्कुराईं.

कैरोलीन ने कहा, "डायनासोर शब्द का अर्थ है 'भयानक छिपकली." मिसेज़ टॉगल कराह उठी. "मैं प्रार्थना करती हूँ की वो बहुत भयानक न हो," उन्होंने कहा. "कुछ डायनासोर भयंकर थे, लेकिन कुछ शांत स्वभाव के भी थे. शायद हमारा डायनासोर शांत स्वभाव का हो. आओ, बच्चों, हम तैयार होने के लिए अपने कमरे में लौट चलें. आपकी मदद के लिए धन्यवाद, मिस्टर पेज."



"आपका स्वागत है" मिस्टर पेज ने कहा. "आप कैफेटेरिया में रुककर मिसेज़ बर्न्स को भी इसके बारे में बता सकते हैं. यदि वो एक बड़ा डायनासोर होगा, तो शायद यह बहुत खाना खाता होगा."





फिर मिसेज़ टॉगल और बच्चे स्कूल की रसोई में गए. उन्होंने रसोइया, मिसेज़ बर्न्स को पिज़्ज़ा का आटा गूंथते हुए पाया.

"मिसेज़ बर्न्स," मिसेज़ टॉगल ने कहा, "क्या आपने नए छात्र के बारे में सुना है?"


"बेशक," मिसेज़ बर्न्स ने उत्तर दिया. "हर साल हमारे यहाँ नए छात्र आते हैं!"

"लेकिन इस बार वो एक डायनासोर है," मिसेज़ टॉगल ने कहा.

"हमने सोचा था कि आप जानना चाहेंगी," जॉय ने समझाया, "क्योंकि वो बहुत खा सकता है."

"एक डायनासोर!" मिसेज़ बर्न्स ने हँसते हुए कहा. "यह एक अच्छी बात है, मिसेज़ टॉगल! लेकिन मैं इसके बारे में तब तक चिंता नहीं करूंगी जब तक मुझे यह पता नहीं चलता कि वो डायनासोर मांस खाने वाला है या शाकाहारी."





बच्चे और मिसेज़ टॉगल ने मिसेज़ बर्न्स को छोड़ दिया; जो खूब हंस रही थीं और अब पिज्जा पर मसाले डाल रही थीं. "काश मैं भी अपनी समस्याओं के बारे में उसी तरह से हंस पाती जैसे मिसेज़ बर्न्स करती हैं," मिसेज़ टॉगल ने बच्चों से कहा.






जब वे वापस अपने कमरे में आए तो मिसेज़ टॉगल और बच्चों ने मिस्टर स्टिकलर को उनकी प्रतीक्षा करते हुए पाया.

"मिसेज़ टॉगल," मिस्टर स्टिकलर ने कहा, "आपका नया छात्र आ गया है."


"मिस्टर स्टिकलर" मिसेज़ टॉगल ने कहा, "मुझे पता है कि मैं अपने नए छात्र से प्यार करना सीखूंगी, क्योंकि मैं अपने सभी छात्रों से प्यार करती हूं. फिर भी मैं चिंतित हूँ. क्या आपको यकीन है कि हमारे स्कूल में एक डायनासोर के लिए पर्याप्त जगह होगी."



"मिसेज़ टॉगल," मिस्टर स्टिकलर ने उन्हें रोका. मैं आपकी बात सुनकर आश्चर्यचकित हूँ. बेशक, हम अपने स्कूल में हर नए छात्र के लिए जगह बनाते हैं जो यहां आता है. यह यहाँ का नियम है!"

मिसेज़ टॉगल ने आह भरी. "ओह, ठीक है. मेरा नया छात्र कहाँ है?"







"यहाँ" मिस्टर स्टिकलर ने कहा.

उनके पीछे से एक छोटी लड़की ने झाँका.

"लेकिन..," मिसेज़ टॉगल हांफते हुए. "यह.,.यह नहीं है...डिनो...सौर!"



"बेशक, इसका नाम दीना सॉयर है," मिस्टर स्टिकलर ने उत्तर दिया. "वो अभी थोड़ी शर्मीली है लेकिन वो जल्द ही इससे उबर जाएगी. दीना को लगता है कि उसकी नई टीचर उसे पसंद नहीं करेंगी!"



मिसेज़ टॉगल की आँखें खुशी से फैल गईं. "दीना सॉयर? क्या आपने कहा दीना सॉयर? ओह, आपका भला हो! कितना, प्यारा नाम है! मैंने सोचा...! उसकी तरह नहीं! बेशक, मैं उसे पसंद करूंगी! हम सभी वास्तव में दीना को बहुत पसंद करेंगे, क्यों बच्चों?"



मिसेज़ टॉगल अपने नए छात्र को देखकर मुस्कुराईं. फिर वो मिस्टर स्टिकलर की ओर मुड़ी. "धन्यवाद! बहुत-बहुत धन्यवाद! मैं इससे और अधिक प्रसन्न नहीं हो सकती!"

मिस्टर स्टिकलर अपने कार्यालय लौट गए. मिसेज़ टॉगल और बच्चों ने नए छात्र को अपनी कक्षा को, चारों ओर से दिखाया.

"दीना," मिसेज़ टॉगल ने कहा, "इससे पहले कि हम अपना पाठ शुरू करें, मैं तुम्हें एक बात बताऊंगी जिस पर मैं बहुत ज़ोर देती हूँ. अगर मैं कुछ ऐसा कहूँ जिसका मतलब तुम्हें समझ नहीं आये तो तुम मुझसे सवाल ज़रूर पूछना. यदि तुम्हें पहली बार में मेरी बात समझ में नहीं आये, तो मुझ से दोहराने के लिए कहना."

"हाँ, मिसेज़ टॉगल," दीना ने कहा.



जॉय ने हाथ उठाया. "मिसेज़ टॉगल, डायनासोर कहाँ है?"

"कोई डायनासोर नहीं है," मिसेज़ टॉगल ने कहा. "मैं गलत थी."

"बहुत बुरा हुआ," जॉय ने कहा. "क्या हमें अभी भी एक कछुआ मिल सकता है?"

